
# भोगीलाल पाटीदार को बाल साहित्य का साहित्य अकादमी पुरस्कार

## - बाल नाटक पंखेरूवां नी पीड़ पर घोषित हुआ पुरस्कार

(वागड़ दूत संवाददाता)



सीमलवाड़ा। वागड़ के वरिष्ठ साहित्यकार भोगीलाल पाटीदार को उनकी बाल नाट्य कृति पंखेरूवां नी पीड़ पर इस वर्ष का राजस्थानी भाषा के बाल साहित्य पुरस्कार के लिए घोषणा हुई है। चुंडावाड़ा सीमलवाड़ा निवासी भोगीलाल पाटीदार ने वागड़ी और हिंदी की अब तक 8 पुस्तकों का लेखन किया है। बुधवार को घोषित हुए बाल साहित्य पुरस्कारों में भोगीलाल पाटीदार की नाट्य कृति में समकालीन समय में पर्यावरण प्रदूषण के दुष्प्रभाव और बन्यजीव के लिए उत्पन्न हुई विषम परिस्थितियों को बहुत मार्मिक ढंग से व्यक्त किया है। पाटीदार को इससे पूर्व राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी बीकानेर से शिवचंद भरतीया और आगीवाण सम्मान भी मिल चुके हैं। वागड़ से साहित्य अकादमी दिल्ली से यह चौथा पुरस्कार है। पुरस्कार चयन समिति में दमयंती जड़ावत, प्रो कल्याण सिंह शेखावत और डॉ नवजोत भनोत रहे।